>

Title: Regarding completion of Dandi Heritage Route-laid.

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच):** डांडी विरासत मार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच से जा रहा है । डांडी विरासत मार्ग पर जो निर्माण कार्य हुआ है उसमें अभी भी कई मार्ग अधूरे हैं और मार्ग के कई हिस्सों को बीच-बीच में छोड़ा हुआ है । उसको ठीक करने के लिए मैंने बार-बार पत्र लिखें हैं परन्तु मार्ग ठीक न हो पाने के कारण डांडी विरासत मार्ग का उपयोग नहीं हो पा रहा है । डांडी विरासत मार्ग को आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मागांधी जी द्वारा ब्रिटिश राज के दौरान नमक कानून का विरोध करने हेतु 12 मार्च, 1930 के दांडी मार्च की याद में प्रस्तावित किया गया था ।

इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में डांडी विरासत पर जो कार्य अधूरे रह गए हैं उनको पूरा किया जाए जिससे इस मार्ग का समुचित उपयोग किया जा सके एवं कई कार्य ठीक से नहीं हो पाए हैं उन्हें भी ठीक किया जाए जिससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किए गए दांडी मार्च को समुचित सम्मान दिया जा सके ।